मॉलदीव गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के सम्मान में आयोजित राजभोज पर राष्ट्रपति जी का संबोधन

नई दिल्ली, 17 दिसंबर, 2018

- मॉलदीव गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति, श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और प्रथम महिला मैडम फज़ना अहमद,
- सम्मानित अतिथिगण,
- देवियो और सज्जनो,

1. राष्ट्रपति महोदय, मैं आपका और प्रथम महिला का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। **इंडिया अह मरुहाबा!**

2. हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि मॉलदीव के राष्ट्रपति के रूप में आपने अपनी प्रथम राजकीय यात्रा के लिए भारत को चुना है। मुझे इस बात की भी खुशी हुई है कि आपने राष्ट्रपति भवन में ठहरने के हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया। इनसे, हमारे विशेष संबंधों और गहरी मित्रता का पता चलता है।

महामहिम,

3. हाल में हुए चुनावों में आपकी जीत से भारत के लोगों को प्रसन्नता हुई है। हम मॉलदीव के लोगों की, अपने देश में

लोकतंत्र की नई कहानी लिखने की आकांक्षाओं का स्वागत और समर्थन करते हैं। आपके ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह में, विशेष अतिथि के रूप में, हमारे प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा से यह स्पष्ट है कि हम दोनों अपनी परस्पर मैत्री को बहुत महत्व देते हैं।

4. भारत, मॉलदीव के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च महत्ता देता है और चाहता है कि मॉलदीव लोकतांत्रिक, स्थायी, खुशहाल और शांतिपूर्ण देश के रूप में फले-फूले। अब जब आपकी सरकार आपकी जनता द्वारा दिए गए जनादेश को पूरा करने की दिशा में अग्रसर हो रही है, तब एक सच्चे और पक्के दोस्त के तौर पर भारत आपकी इस यात्रा में हरसंभव सहायता का वचन देता है।

5. हम सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित समावेशी विकास की आपकी दृष्टि की गहरी सराहना करते हैं। तरक्की और विकास की दिशा में आपकी सरकार के पारदर्शी और नियम-आधारित तौर-तरीकों से आपके देश में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। आर्थिक विकास के कार्यों को मानवीयता की भावना के साथ आगे बढ़ाते हुए मॉलदीवियन लोगों के जीवन में बदलाव लाने की आपकी सरकार की महत्वाकांक्षा की हम प्रशंसा करते हैं।

हमारा सौभाग्य होगा कि हम, 100 दिन के एजेंडे में परिभाषित आपकी राष्ट्रीय योजनाओं और प्राथमिकताओं में सहायता हेतु आप के साथ मिलकर कार्य करें।

महामहिम,

6. निकट पड़ोसी होने के नाते, हमारे बीच मित्रता, सौहार्द और आपसी समझ के ऐतिहासिक जुड़ावों की जड़ें बहुत गहरी हैं। सच तो यह है कि दोनों देशों के लोग हमारे विशेष संबंधों के केन्द्र में रहे हैं। हमारी संस्कृति और रीति-रिवाज़, खान-पान और लोक कथाएं साझी हैं। दोनों देशों के लोग बॉलीवुड के गीत-संगीत का लुत्फ उठाते रहे हैं और क्रिकेट का रोमांच भी साझा करते रहे हैं। मुझे खुशी है कि आज हम जिस समझौते और सहमति पर पहुंचे हैं, उससे मित्रों, हितधारकों और भागीदारों के रूप में हमारे देशवासी और भी निकट आएंगे।

महामहिम,

7. हिन्द महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा हमारी साझी जिम्मेदारी है। हमारे शांतिप्रिय समाज में आतंकवाद, समुद्री डकैती और नशीले पदार्थों की तस्करी का संकट लगातार बना

हुआ है। समुद्री सुरक्षा मजबूत करने और हमारी जनता में तरक्की और खुशहाली लाने के लिए भारत मॉलदीव के साथ काम करने के लिए तत्पर है।

8. राष्ट्रमंडल में पुन: शामिल होने के आपके सरकार के निर्णय से हमें प्रोत्साहन मिला है। हम इस प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए मॉलदीव के साथ मिलकर काम करेंगे। इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन परिवार के नवीनतम सदस्य के रूप में हम मॉलदीव का स्वागत करते हैं। मॉलदीव ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमेशा महत्वूपर्ण भूमिका निभाई है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए हम आपको इंटरनेशनल सोलर अलायंस से जुड़ने के लिए आमंत्रित करते हैं।

9. महामहिम, भारत, मॉलदीव के साथ, आज भी और हमेशा के लिए आपसी विश्वास, सम्मान और सौहार्द पर आधारित दीर्घकालिक मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है।

वराह बोहाद शुक्रिया। धन्यवाद।